# M.Phil. (Hindi) Entrance Examination 2016

Time : 2 Hours | Max. Marks : 75

प्रवेश-पत्र संख्या / Hall Ticket No. ____________________

**अनुदेश/Instructions :**

कृपया इस पृष्ठ पर तथा ओ.एम.आर. उत्तर पुस्तिका पर अपनी प्रवेश-पत्र संख्या **ज़रूर लिखें ।**

Please enter your Hall Ticket Number on this page and also on the OMR answer sheet **without fail.**

ओ.एम.आर. उत्तर पुस्तिका पर दिये गये निर्देशों के अनुसार प्रश्नों के उत्तर ओ.एम.आर. शीट पर ही लिखे जाने चाहिए ।

Answers are to be marked on the OMR answer sheet only following the instruction provided there upon.

प्रश्न-पत्र में कुल 75 वैकल्पिक प्रश्न दिये गये हैं । विश्वविद्यालय की नियमावली के अनुसार **कुल प्राप्त अंकों में से हर एक ग़लत उत्तर के लिए 0.33 अंक काट दिये जाएंगे ।**

The question paper consists of 75 objective type questions and there will be **negative marking of 0.33 marks for every wrong answer** as per the University rules.

Entrance Examination 2016 - M.Phil. (Hindi)

सूचना : **निम्नलिखित प्रश्नों के चार वैकल्पिक उत्तर दिए गए हैं जिनमें केवल एक उत्तर सही है । सही उत्तर चुनकर OMR Sheet पर यथास्थान चिह्नित कीजिए ।**

| | |
|---|---|
| 1. | 'आगम वेअ पुराणे, पंडित मान बहंति । <br> पक्क सिरिफल अलिअ, जिम वाहेरित भ्रमयंति ।। ' – ये किस कवि की पंक्तियाँ हैं ? <br> A. कुक्कुरिपा B. कण्हपा C. डोम्भिपा D. लुहुपा |
| 2. | 'स्थूलिभद्ररास' इस धारा का काव्य है - <br> A. सिद्ध साहित्य B. रासो साहित्य C. जैन साहित्य D. नाथ साहित्य |
| 3. | आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने किस कवि पर विचार करते हुए यह लिखा है कि – " किसी भाषा का समझा जाना अधिकतर उसकी शब्दावली पर अवलंबित होता है । यदि ऐसा न होता तो उर्दू और हिंदी का एक ही साहित्य माना जाता ।" <br> A. अमीर खुसरो B. विद्यापति C. रहीम D. भारतेंदु हरिश्चंद्र |
| 4. | "थावर जंगम कीट पतंगा पूरि रह्यो हरिराई " – यह किस कवि की पंक्ति है - <br> A. धर्मदास B. सुन्दरदास C. रैदास D. कबीरदास |
| 5. | संतों में इनके अतिरिक्त प्रायः सभी कवि छंदों के स्वरूप और महत्व से सर्वथा अपरिचित थे – <br> A. सुन्दरदास B. मलूकदास C. दादूदयाल D. लालदास |
| 6. | मुल्ला दाऊद द्वारा रचित प्रेमाख्यान परंपरा के काव्य का नाम है - <br> A. मधुमालति B. चित्रावली C. ढोला मारू रा दूहा D. चन्दायन |
| 7. | इनके द्वारा लिखित 'रामचंद्रिका' हिन्दी राम काव्य परंपरा के अंतर्गत एक विशिष्ट कृति है - <br> A. ईश्वरदास B. केशवदास C. नाभादास D. माधवदास चारण |
| 8. | इस संप्रदाय में कृष्ण के वामांग में सुशोभित राधा के साथ कृष्ण की उपासना का विधान है - <br> A. गौड़ीय संप्रदाय B. हरिदासी संप्रदाय C. निम्बार्क-संप्रदाय D. राधावल्लभ-संप्रदाय |
| 9. | 'जब ते प्रीति श्याम ते कीनी । <br> ता दिन ते मेरे इन नैननि नेंकहु नींद न लीनी ।' --- किसकी पंक्तियां हैं ? <br> A. सूरदास B. कुंभनदास C. परमानंद दास D. कृष्णदास |
| 10. | 'प्रेमवाटिका' किनकी रचना है ? <br> A. रसखान B. मीरांबाई C. भगवानदास D. गदाधर भट्ट |
| 11. | भक्तिकाल का खड़ीबोली गद्य प्रायः इन भाषाओं से प्रभावित रूप माना जाता है -- <br> A. ब्रज भाषा और राजस्थानी B. ब्रज भाषा और छत्तीसगढ़ी <br> C. राजस्थानी और अवधीं D. ब्रजभाषा और अवधी |
| 12. | निम्नलिखित में से रीतिबद्ध कवि कौन थे ? <br> A. आलम B. घनानंद C. बोधा D. बिहारी |
| 13. | रीतिकाल के इस रीतिमुक्त कवि पर फारसी का खुला प्रभाव आलोचकों ने स्वीकार किया है - <br> A. ठाकुर B. बोधा C. द्विजदेव D. सेनापति |
| 14. | 'भीतर भीतर सब रस चूसै, हंसि हंसि के तन मन धन मूसै । <br> ज़ाहिर बातन में अति तेज़, क्यों सखि सज्जन ! नहिं अंगरेज़ ।। --- किसकी पंक्तियां हैं ? <br> A. भारतेन्दु B. प्रेमघन C. राधाचरण गोस्वामी D. राधाकृष्णदास |

| | |
|---|---|
| 15. | महावीरप्रसाद द्विवेदी ने 'सरस्वती' पत्रिका के संपादन का कार्य किस वर्ष संभाला ?<br>A. 1901 ई. B. 1903 ई. C. 1904 ई. D. 1907 ई. |
| 16. | द्विवेदी युग की किस काव्य प्रवृत्ति की प्रतिक्रिया में 'छायावाद' का उदय हुआ ?<br>A. श्रृंगार-भक्ति भावना B. इतिवृत्तात्मकता<br>C. ब्रजभाषा में काव्य रचना D. राष्ट्रीय भावों की अतिरंजना |
| 17. | लाला श्रीनिवास दास कृत 'परीक्षा गुरु' उपन्यास का संबंध किस शहर से है ?<br>A. काशी B. प्रयाग C. कलकत्ता D. दिल्ली |
| 18. | अंग्रेजी के उपन्यासकार आर्थर कानन डायल प्रभावित हिन्दी उपन्यासकार का नाम है ?<br>A. देखकीनंदन खत्री B. लज्जाराम शर्मा C. गोपालराम गहमरी D. किशोरीलाल गोस्वामी |
| 19. | शेक्सपीयर के नाटक 'टेम्पेस्ट' के आधार पर लिखी गयी किशोरीलाल गोस्वामी की कहानी का नाम है -<br>A. दुलाईवाली B. इन्दुमती C. सज्जनता का दंड D. मन की चंचलता |
| 20. | "इस करुणा कलित हृदय में / अब विकल रागिनी बजती / क्यों हाहाकार स्वरों में / वेदना असीम गरजती ?" ----- ये किस कवि की पंक्तियाँ हैं ?<br>A. निराला B. महादेवी वर्मा C. जयशंकर प्रसाद D. सुमित्रानंदन पंत |
| 21. | कबीर को 'चिर आधुनिक' किसने माना है ?<br>A. हजारीप्रसाद द्विवेदी B. पीताम्बरदत्त बड़थ्वाल C. क्षितोमोहन सेन D. रवीन्द्रनाथ टैगोर |
| 22. | अभिव्यंजनावाद के प्रवर्तक क्रोचे का संबंध किस देश से है ?<br>A. जर्मनी B. फ्रान्स C. इटली D. बेल्जियम |
| 23. | 'अपनी खबर' किस विधा की रचना है ?<br>A. उपन्यास B. आत्मकथा C. जीवनी D. संस्मरण |
| 24. | भारतेन्दु का जीवन चरित्र किसने लिखा है ?<br>A. शिवपूजन सहाय B. राधाकृष्णदास C. रायकृष्णदास D. शिवनंदन सहाय |
| 25. | साधारणीकरण की समस्या को सबसे पहले संस्कृत काव्य शास्त्र में किसने उठाया था ?<br>A. अभिनव गुप्त B. भट्टनायक C. विश्वनाथ D. इनमें से कोई नहीं |
| 26. | 'भोर का तारा' एकांकी के लेखक हैं ?<br>A. भगवती चरण वर्मा B. जगदीशचन्द्र माथुर C. रामकुमार वर्मा D. जयशंकर प्रसाद |
| 27. | 'भारतीय साहित्य के इतिहास की समस्याएँ' इनके द्वारा लिखित पुस्तक का नाम है ?<br>A. मैनेजर पांडेय B. केदारनाथ सिंह C. रामविलास शर्मा D. नामवर सिंह |
| 28. | साहित्य अकादमी द्वारा प्रकाशित और श्रीमती भारती विद्यार्थी द्वारा अनूदित 'दो सेर धान' इस भाषा के उपन्यास का अनुवाद है -<br>A. बंगला B. मलयालम C. कन्नड़ D. पंजबी |
| 29. | बंकिमचन्द्र चटोपाध्याय द्वारा लिखित बंगला भाषा के प्रथम उपन्यास का नाम है -<br>A. दुर्गेश नंदिनी B. कपालकुंडला C. देवी चौधरानी D. आनंदमठ |
| 30. | 'कलिकथा वया बाइपास' इनका उपन्यास है -<br>A. नासिरा शर्मा B. मैत्रेयी पुष्पा C. अलका सरावगी D. कृष्णा सोबती |
| 31. | नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा बनायी गयी योजना के अनुसार संपादित 'हिन्दी शब्द-सागर' (1928) की भूमिका किसने लिखी ?<br>A. श्यामसुंदर दास B. रामचन्द्र वर्मा C. बालकृष्ण भट्ट D. रामचन्द्र शुक्ल |

| | |
|---|---|
| 32. | 'समांतर कोश' (हिन्दी थिसारस) का संपादन इन्होंने किया –<br>A. विमलेश कांति वर्मा B. हरदेव बाहरी C. अरविंद कुमार D. भोलानाथ तिवारी |
| 33. | 1957 प्रतिलिपि अधिकार अधिनियम (Copy right act) की किस धारा में साहित्यिक कृति शब्द की परिभाषा दी गयी है –<br>A. धारा 2 खंड (ण) में B. धारा 14 खंड (क) में<br>C. धारा 21 खंड (ख) में D. धारा 32 खंड (क) में |
| 34. | 'अशोक के फूल' ललित निबंध के लेखक हैं -<br>A. रामचन्द्र शुक्ल B. गुलाबराय C. हजारीप्रसाद द्विवेदी D. हरिशंकर परसाई |
| 35. | 'सिनेमा और संस्कृति' पुस्तक के लेखक हैं –<br>A. फिरोज रंगूलवाला B. अनुपम ओझा C. सत्यजित राय D. राही मासूम रज़ा |
| 36. | 'उपन्यास की संरचना' पुस्तक के लेखक हैं -<br>A. परमानंद श्रीवास्तव B. चंद्रकांत महादेव बांदिवडेकर C. गोपाल राय D. विश्वंभरनाथ उपाध्याय |
| 37. | झांसी, ग्वालियर, भोपाल, सागर के आस-पास हिन्दी की इस उपभाषा का प्रयोग किया जाता है -<br>A. अवधी B. ब्रज C. कन्नौजी D. बुंदेली |
| 38. | वर्तमान देवनागरी लिपि इस लिपि का परिवर्तित रूप है -<br>A. खरोष्ठी B. नंदि नागरी C. कुटिल लिपि D. ब्राह्मी लिपि |
| 39. | जर्मनी के प्रसिद्ध भाषाशास्त्री जेकब ग्रिम के द्वारा विकसित 'ग्रिम नियम' का संबंध भाषा विज्ञान इस क्षेत्र से हैं -<br>A. अर्थ परिवर्तन B. ध्वनि परिवर्तन C. रूप परिवर्तन D. वाक्य परिवर्तन |
| 40. | भारत के यास्क मुनि और पाश्चात्य विद्वान ब्रील (Breal) ने अर्थ-परिवर्तन की कितनी दिशाओं को स्वीकार किया ?<br>A. दो B. तीन C. चार D. छह |
| 41. | 'रह गईं दिशाएँ इस पार' उपन्यास के लेखक कौन हैं ?<br>A. रणेन्द्र B. ओमप्रकाश वाल्मीकि C. संजीव D. शिवमूर्ति |
| 42. | '1084वें की माँ' - किसकी रचना है?<br>A. महाश्वेता देवी B. सुनील गंगोपाध्याय C. गौतम राय D. विमल मित्र |
| 43. | 'शब्द झूठ नहीं बोलते' किसकी कविता है –<br>A. तुलसीराम B. ओमप्रकाश वाल्मीकि C. जयप्रकाश कर्दम D. एन. सिंह |
| 44. | आदिवासी जीवन पर आधारित 'काला पादरी' उपन्यास के लेखक कौन हैं ?<br>A. वीरेन्द्र जैन B. श्रीप्रकाश मिश्र C. तेजिन्दर D. मणिमधुकर |
| 45. | डॉक्टरेट उपाधि के लिए भारतीय विश्वविद्यालय द्वारा हिन्दी विषयक शोध प्रबंध सर्वप्रथम किस विश्वविद्यालय में स्वीकृत हुआ ?<br>A. प्रयाग विश्वविद्यालय B. बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय<br>C. आगरा विश्वविद्यालय D. कलकत्ता विश्वविद्यालय |
| 46. | 'अलका' जयशंकर प्रसाद के इस नाटक का एक प्रमुख नारी-पत्र है ?<br>A. ध्रुवस्वामिनी B. चंद्रगुप्त C. स्कंदगुप्त D. अजात शत्रु |
| 47. | 'थके हुए कलाकार से' किस कवि की कविता है ?<br>A. धर्मवीर भारती B. नरेश मेहता C. रघुवीर सहाय D. शमशेर बहादुर सिंह |
| 48 | 'आवश्यकतानुसार' – का कार्यालयीन संदर्भ में सही अंग्रेजी अनुवाद है -<br>A. As per necessity B. As required C. As needed D. As wanted |

| | |
|---|---|
| 49. | अज्ञेय कृत 'अरे यायावर रहेगा याद' का प्रकाशन किस वर्ष हुआ था ?<br>A. सन् 1950 B. सन् 1958 C. सन् 1953 D. सन् 1962 |
| 50. | मलजय की डायरी किस वर्ष से शुरू होती है ?<br>A. सन् 1941 B .सन् 1951 C. सन् 1955 D. सन् 1961 |
| 51. | राजपत्रित अधिकारियों की नियुक्ति, पदोन्नति, स्थानंतरण, प्रतिनियुक्ति आदि की सूचना राजपत्र में इसके रूप में प्रकाशित की जाती है -<br>A. संकल्प B. परिपत्र C. अधिसूचना D. प्रेस-टिप्पणी |
| 52 | जब कोई मंत्रालय /विभाग /कार्यालय कहीं से प्राप्त पत्र पर प्राप्ति की सूचना भेजता है तो भेजी जाने वाली प्राप्ति की सूचना यह कही जाती है --<br>A. आवती B. पावती C. अंतरिम उत्तर D. अनुस्मारक |
| 53 | यांत्रिक और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों द्वारा हिंदी बढ़ावा देने तथा उपलब्ध द्विभाषी उपकरणों के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से राजभाषा विभाग में तकनीकी –कक्ष की स्थापना इस वर्ष की गई -<br>A. सन्1985 B. सन् 1963 C. सन् 1974 D. सन् 1983 |
| 54 | 'भारत : इतिहास और संस्कृति' किनकी पुस्तक का नाम है ?<br>A. मुक्तिबोध B. दिनकर C. रमेशचन्द्र शाह D. अज्ञेय |
| 55 | वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग (CSTT) की स्थापना किस वर्ष की गई ?<br>A. सन् 1958 B. सन् 1950 C. सन् 1961 D. सन् 1952 |
| 56 | "आज की दुनिया विचित्र, नवीन ; / प्रकृति पर सर्वत्र है विजयी पुरुष आसीन ।" .. इस काव्य की पक्तियाँ है ?<br>A. भारत भारती (मैथिली शरण गुप्त) B. कुरुक्षेत्र ( दिनकर)<br>C. कामायनी (जयशंकर प्रसाद) D. अंधायुग (धर्मवीर भारती) |
| 57 | जब किसी कृति की आलोचना युगीन परिस्थितियों के परिप्रेक्ष्य में की जाती है तब उसे इस प्रकार की आलोचना की संज्ञा दी जाती है --<br>A. सैद्धांतिक B. व्यावहारिक C. ऐतिहासिक D. मनोविश्लेषणात्मक |
| 58 | उपमेय पर उपमान के निषेध रहित अभेद आरोप को यह कहते हैं –<br>A. उपमा अलंकार B. रूपक अलंकार C. उत्प्रेक्षा अलंकार D. व्यतिरेक अलंकार |
| 59. | पाश्चात्य आलोचक ज्यापाल सार्त्र का संबंध इस वाद से हैं -<br>A. अस्तित्ववाद B. निर्वैयक्तिकतावाद C. मार्क्सवाद D. अभिव्यंजनावाद |
| 60. | इस पाश्चात्य विद्वान ने मूल्य तथा भावों की प्रेषणता को साहित्य सिद्धांतों का आधार-स्तंभ माना है-<br>A. कॉलरिज B. मैथ्यू आर्नल्ड C. आई.ए. रिचर्ड्स D. टी.एस. इलियट |
| 61. | 'सांवड़या' किसके द्वारा लिखित आदिवासी कहानी है ?<br>A. केदार प्रसाद मीणा B. मंगल सिंह मुड़ा C. राकेश कुमार सिंह D. हरिराम मीणा |
| 62. | 'हिन्दी और उसकी उपभाषाएँ' किनके ग्रंथ का नाम है ?<br>A. भोलानाथ तिवारी B. विमलेश कान्ति वर्मा C. कैलाशचन्द्र भाटिया D. कृष्ण कुमार गोस्वामी |
| 63. | इनमें कौन 'तारसप्तक' के कवि नहीं थे –<br>A. गजानन माधव मुक्तिबोध B. नेमीचन्द्र जैन C. शमशेर बहादुर सिंह D. रामविलास शर्मा |
| 64. | उर्वशी की कथा का मूल स्रोत इस वेद के अनुस्यूत आख्यानों में मिलता है -<br>A. यजुर्वेद B. सामवेद C. अथर्ववेद D. ऋग्वेद |
| 65. | राजेन्द्र यादव ने "हंस" पत्रिका का संपादन कब से किया -<br>A. सन् 1985 B. सन् 1986 C. सन् 1988 D. सन् 1989 |

| | |
|---|---|
| 66. | 'If I had come in a car, I would have certainly brought my wife' – का सही हिन्दी अनुवाद है -<br>A. अगर मैं कार में आया होता तो पत्नी को भी जरूर लाया होता ।<br>B. अगर मैं कार में आता हूँ तो पत्नी को जरूर लाता हूँ ।<br>C. अगर मैं कार में आता तो अपनी पत्नी को भी जरूर लेकर आता हूँ ।<br>D. अगर मैं कार में आता तो पत्नी को भी जरूर लाता । |
| 67. | 'Something must have cropped up, otherwise he must have been here by now. – का सही हिन्दी अनुवाद है -<br>A. कोई बात होगी या तो अभी तक वह आ गया होता ।<br>B. कुछ हुआ होगा, या तो वह अब तक आया होता ।<br>C. जरूर कोई बात हुई होगी नहीं तो अभी तक वह आ चुका होता ।<br>D. जरूर कोई बात हुई होगी नहीं तो अभी तक वह आ गया होता । |
| 68. | "हवाई जहाज किस समय उड़ान भरेगा ?" – का सही अंग्रेजी अनुवाद है ---<br>A. When will the plane go off ? B. When will the plane take off ?<br>C. When will the plane fly off ? D. When will the plain leave off ? |
| 69. | 'मेरा मित्र छात्रवृत्ति लेता है ।' – का सही अंग्रेजी अनुवाद है –<br>A. My friend takes a scholarship. B. My friend had a scholarship.<br>C. My friend enjoys a scholarship D. My friend enjoyed a scholarship. |
| 70. | 'विलंब के लिए खेद है ।' – का कार्यालयीन संदर्भ में सही अंग्रेजी अनुवाद है ---<br>A. Late in putting up the case is regretted.<br>B. Late in submitting the case is repented.<br>C. Delay in presenting the case is regretted.<br>D. Delay in submitting the case is regretted. |
| 71. | 'Actioned may be taken as proposed' – का कार्यालयीन संदर्भ में सही हिन्दी अनुवाद है -<br>A. प्रस्तुति के अनुसार काम किया जाए । B. प्रस्ताव के अनुसार काम किया जाए ।<br>C. प्रस्तुति के अनुसार कार्रवाई की जिए । D. प्रस्ताव के अनुसार कार्रवाई की जाए । |
| 72 | ' For perusal' – का कार्यालयीन संदर्भ में सही हिन्दी अनुवाद है -<br>A. देखने के लिए B. दिखाने के लिए C. अवलोकनार्थ D. समीक्षार्थ |
| 73. | "अलसस्य कुतो विद्या अविद्यस्य कुतो धनम् ।" – का अर्थ है -<br>A. आलसी धन प्राप्त नहीं कर सकता है ।<br>B. अज्ञानी धन प्राप्त नहीं कर सकता है ।<br>C. आलसी को विद्या और अज्ञानी को धन प्राप्त नहीं होता ।<br>D. आलसी को विद्या और धन प्राप्त नहीं होता । |
| 74 | महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय के तत्त्वावधान में हिन्दी में प्रकाशित ' समाज-विज्ञान विश्वकोश' के संपादक का नाम है -<br>A. प्रो. सत्यकाम B. प्रो. नंदकिशोर आचार्य C. अभय कुमार दुबे D. तुलसी राम |
| 75. | 'दिवस का अवसान समीप था, / गगन था कुछ लोहित हो चला ।/<br>तरु शिखा पर थी अब राजती, / कमलिनीकुलवल्लभ की प्रभा। '-इन पंक्तियों में कौन-सा छंद है?<br>A. मालिनी B. द्रुतविलम्बित C. वसन्ततिलका D. शिखरिणी |

***